BLIS-4

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

पुस्तकालय सूचीकरण–प्रायोगिक 2

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

सी सी सी

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक कार्यक्रम
(Bachalor of Library & Information Science)

पुस्तकालय सूचीकरण–प्रायोगिक 2

पाठ्यक्रम अभिकल्प समिति

- **डॉ. आर. वी. व्यास** अध्यक्ष
  कुलपति
  वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
- **प्रो. आर. सत्यनारायन, विभागाध्यक्ष** सदस्य
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग
  इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
  नई दिल्ली
- **प्रो. पी. बी. मंगला, विभागाध्यक्ष** सदस्य
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग
  दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- **प्रो. एन. के. शर्मा, विभागाध्यक्ष** सदस्य
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग
  कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
  कुरुक्षेत्र(हरियाणा)
- **प्रो. कृष्ण कुमार** सदस्य
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग
  दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- **प्रो. जी. डी. भार्गव, पूर्व विभागाध्यक्ष** सदस्य
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान अध्ययनशाला
  विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन(म. प्र.)
- **डॉ.दिनेश कुमार गुप्ता,**सहायक आचार्य सदस्य
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग
  वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
- **प्रो. आर. जी. पाराशर, विभागाध्यक्ष** सदस्य
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग
  डॉ. हरि सिंह गौड़ विश्वविद्यालय
  सागर (म प्र..)
- **डॉ.एच.बी. नन्दवाना, विभागाध्यक्ष** संयोजक
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग
  वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

पाठ्यक्रम निर्माण दल

- **प्रो. एस. एस. अग्रवाल, पूर्व विभागाध्यक्ष**
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान अध्ययनशाला
  विक्रम विश्वविद्यालय,
  उज्जैन
- **डॉ.एस.पी.सूद, पूर्व सहआचार्य एवं विभागाध्यक्ष**
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग
  राजस्थान विश्वविद्यालय,
  जयपुर
- **डॉ. जे.एन. गौतम, सहआचार्य**
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग
  जिवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

सम्पादक

- **प्रो. कृष्ण कुमार**
  पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग
  दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

अकादमिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था

प्रो. (डॉ.)नरेश दाधीच	**प्रो.(डॉ.) एम. के. घडोलिया**	**प्रो.योगेन्द्र गोयल**
कुलपति	निदेशक(अकादमिक)	प्रभारी अधिकारी
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा	संकाय विभाग	पाठ्य सामग्री उत्पादन एवं वितरण विभाग

पाठ्यक्रम उत्पादन

योगेन्द्र गोयल

सहायक उत्पादन अधिकारी

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

उत्पादन - अगस्त 2011 ISBN : 978-81-8496-203-1

इस सामग्री के किसी भी अंश को व. म. खु. वि., कोटा की लिखित अनुमति के बिना किसी भी रूप में अथवा मिमियोग्राफी (चक्रमुद्रण) द्वारा या अन्यत्र पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।

व. म. खु. वि., कोटा के लिए कुलसचिव व. म. खु. वि., कोटा(राजस्थान) द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

2

इकाई -1	क्लासीफाइड केटालॉग कोड की आरम्भिक जानकारी	8–27
इकाई -2	एकल व्यक्तिगत लेखकत्व की कृतियों का सूचीकरण	28–52
इकाई -3	सह व्यक्तिगत लेखकत्व के ग्रन्थों का सूचीकरण	53–76
इकाई -4	छद्मनामों के अन्तर्गत प्रकाशित कृतियों का सूचीकरण	77–105
इकाई -5	सहकारक के अन्तर्गत प्रविष्ट होने वाले ग्रन्थों का सूचीकरण	106–129
इकाई -6	ग्रन्थों का क्रियात्मक सूचीकरण : समष्टि निकाय : शासन	130–168
इकाई -7	ग्रन्थों का क्रियात्मक सूचीकरण : संस्था तथा सम्मेलन	169–207
इकाई -8	ग्रन्थों का क्रियात्मक सूचीकरण : ग्रन्थमाला एवं समिश्र ग्रन्थ	208–262
इकाई -9	ग्रन्थों का क्रियात्मक सूचीकरण : बहुखण्डीय ग्रन्थ	263–286
इकाई -10	सामान्य आवधिक प्रकाशनों एवं आख्यान्तर्गत प्रविष्ट ग्रन्थों का क्रियात्मक सूचीकरण	287–322

इकाई परिचय

इकाई -1- इस इकाई में क्लॉसीफाइड केटालॉग कोड की आरम्भिक जानकारी दी गयी है । जिसमें क्रियात्मक सूचीकरण का अर्थ, सूचीकरण के सूचना स्रोत, सूची पत्रक की संरचना, वर्गीकृत सूची का अर्थ एवं रंगनाथनकृत क्लॉसीफाइड केटालॉग कोड के अनुसार प्रविष्टियों का वर्गीकरण और उनकी संरचना के बारे में प्रकाश डाला गया है।

इकाई -2- इसमें व्यक्तिगत लेखक की अवधारणा एवं एकल व्यक्तिगत लेखक से सम्बन्धित सूचीकरण के नियमों की जानकारी दी गयी है । एकल व्यक्तिगत लेखकत्व के ग्रन्थों के क्रियात्मक सूचीकरण से परिचय करवाया गया है ।

इकाई -3- इस इकाई में सहलेखक की परिभाषा, सह व्यक्तिगत लेखक की कृतियों के प्रकार, सहव्यक्तिगत लेखक से सम्बन्धित सूचीकरण के नियमों एवं सहव्यक्तिगत लेखत्व के ग्रन्थों के क्रियात्मक सूचीकरण की जानकारी दी गयी है ।

इकाई -4- इस इकाई में छद्मनामधारी लेखक की अवधारणा, छद्मनामान्तर्गत प्रकाशित कृतियों को सूचीकृत करने के लिए सी.सी.सी. के नियमों एवं इस प्रकार की कृतियों के क्रियात्मक सूचीकरण की विस्तार से चर्चा की गयी है ।

इकाई -5- इस इकाई में सहकारक की अवधारणा, उन परिस्थितियों से अवगत होना जिसमें किसी कृति को सहकारक के अन्तर्गत प्रविष्ट किया जाता है, सहकारक के अन्तर्गत कृति को प्रविष्ट करने की मुख्य समस्याओं एवं ऐसी कृतियों के क्रियात्मक सूचीकरण की जानकारी दी गयी है ।

इकाई -6- इस इकाई में समष्टि निकाय, समष्टि लेखक एवं समष्टि लेखक के प्रकारों प्रकाश डाला गया है । समष्टि निकाय-शासन की परिभाषा शासन व उसके अंगों के उपकल्पन के नियमों की जानकारी दी गयी है एवं सूचीकृत मुखपृष्ठ दिये गये है।

इकाई -7- इस इकाई में संस्था एवं सम्मेलन की परिभाषा एवं इनके सूचीकरण नियमों की विस्तार से जानकारी दी गयी है । संस्था के प्रशासकीय अंग एवं अस्थाई अंग के ग्रन्थों के सूचीकरण नियमों की जानकारी के साथ सूचीकृत मुखपृष्ठ भी दिये गये है।

इकाई -8- इस इकाई में ग्रंथमाला एवं समिश्र ग्रन्थों के क्रियात्मक सूचीकरण को सम्मिलित किया गया है । इसमें ग्रंथमाला की परिभाषा, ग्रंथमाला के प्रकार एवं उनके सूचीकरण के नियमों की जानकारी दी गयी है । समिश्र ग्रंथ का अर्थ, उसके विभिन्न प्रकारों - सामान्य समिश्र ग्रंथ एवं कृत्रिम समिश्र ग्रन्थों के सूचीकरण के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गयी है । सूचीकृत मुखपृष्ठ एवं अभ्यासार्थ मुखपृष्ठ भी दिये गये है ।

इकाई -9- इस इकाई में बहुखण्डीय ग्रंथ की परिभाषा, प्रकार एवं उनके सूचीकरण के नियमों से अवगत करवाया गया है । सूचीकृत मुखपृष्ठ एवं अभ्यासार्थ मुखपृष्ठ भी दिये गये है ।

इकाई -10- इस इकाई में सामान्य आवधिक प्रकाशनों के क्रियात्मक सूचीकरण, परिभाषा, इनकी मुख्य प्रविष्टि एवं सहायक प्रविष्टि की संरचना पर प्रकाश डाला गया है । आख्यान्तर्गत प्रविष्ट ग्रन्थों के सूचीकरण के नियमों की जानकारी दी गयी है । सूचीकृत मुखपृष्ठ एवं अभ्यास के लिए मुखपृष्ठ भी दिये गये हैं ।

इकाई-1: क्लॉसीफाइड केटालॉग कोड की आरम्भिक जानकारी (Preliminaries of Classified Catalogue Code)

उद्देश्य

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं -

1. वर्गीकृत सूची (Classified Catalogue) से परिचित कराना,
2. सूचीकरण के सूचना स्रोतों से परिचित कराना
3. सूची पत्रक और ग्रन्थालय हस्तलिपि की जानकारी देना,
4. वर्गीकृत सूची की विभिन्न प्रविष्टियों से परिचित कराना।

संरचना

1. क्रियात्मक सूचीकरण से तात्पर्य
2. सूचीकरण के सूचना स्रोत
3. सूची पत्रक की संरचना
4. ग्रंथालय हस्तलिपि
5. वर्गीकृत सूची से तात्पर्य
6. रंगनाथन कृत क्लॉसीफाइड केटॉलॉग कोड (= सीसीसी) के अनुसार प्रविष्टियों का वर्गीकरण और उनकी संरचना
   - 6.1 मुख्य प्रविष्टि
   - 6.2 इतर प्रविष्टियाँ
7. विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रंथसूची

1. क्रियात्मक सूचीकरण से तात्पर्य (Meaning of Practical Cataloguing)

क्रियात्मक सूचीकरण से मुख्य तात्पर्य है सूची की विभिन्न प्रविष्टियों का निर्माण। वैसे इसके अन्तर्गत निम्नांकित प्रक्रियायें आती हैं: -

1. जिस ग्रन्थ का सूचीकरण किया जा रहा है उसका विहंगम अध्ययन।
2. सूचीकरण स्रोतों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करना।
3. प्रविष्टियों की जाँच।
4. प्रविष्टियों का विन्यसन।
5. संदर्शिकाओं (Guides) का निर्माण।
6. सूची अनुरक्षण (Maintenance)।

इस इकाई और आगामी इकाइयों में विभिन्न प्रकार की प्रविष्टियों के निर्माण की चर्चा की जायेगी।

2. सूचीकरण के सूचना स्रोत (Sources of Cataloguing)

सूचीकरण हेतु सूचना का मुख्य स्रोत वह समस्त ग्रन्थ या प्रलेख होता है जिसका सूचीकरण किया जा रहा है। रंगनाथन ने इस प्रसंग में एक उपसूत्र का प्रतिपादन भी किया है जिसका नाम आपने निर्धार्यता का उपसूत्र (Canon of Asceriainability) रखा है। इस उपसूत्र के अनुसार किसी भी प्रविष्टि में जो सूचना अंकित की जाये वह आवश्यक रूप से अभिनिश्चित होनी चाहिये। सूचीकरण में निर्धार्यता विशेष रूप से मुखपृष्ठ तथा उसके आस-पास के पृष्ठों (Overflow Pages) तक की सीमित रहती है।

दूसरे शब्दों में सूचीकरण के सूचना के स्रोत निम्नानुसार हैं :

1. ग्रन्थ का मुखपृष्ठ (title page) सूचीकरण सूचना का प्रमुख स्रोत है जिसके दो भाग होते हैं - मुखपृष्ठ का अग्र भाग (Recto) और उसका पश्च भाग (Verso)। सूचीकरण हेतु अधिकांश सूचना इसी स्रोत से ली जाती है। इसके अतिरिक्त ग्रंथ के निम्नांकित भागों से भी आवश्यकतानुसार सूचना प्राप्त की जाती है -
2. ग्रंथ का आवरण (Cover)।
3. ग्रन्थ की जिल्द और पीठिका (Spine)।
4. संक्षिप्त मुखपृष्ठ (Half title page) ग्रंथ माला (Series) सम्बन्धी सूचना प्राप्त करने का प्रामाणिक स्रोत माना जाता है।
5. समपर्ण पृष्ठ (Dedication page)।
6. प्राक्कथन (Foreword)।
7. प्रस्तावना (Preface)।
8. विषय सूची (Contents)
9. विषय प्रवेश (Introduction)।
10. मूल पाठ (Text)।
11. सतत आख्या (Running title)।
12. परिशिष्ट (Appendix)।
13. अनुक्रमणिका (Index)।
14. ग्रन्थसूची (Bibiography)।

3. सूची पत्रक की संरचना (Structure of Catalogue Card)

आजकल अधिकतर ग्रंथालयों में सूची का निर्माण पत्रक स्वरूप में किया जाता, है। पत्रक का आकार प्रकार और माप अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निश्चित है। इसकी लम्बाई 5" (12.5 से.मी.) और चौड़ाई 3"(7.5 से.मी.,) होती है। नीचे इसका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है :

1. **अग्र रेखा** (Leading Line): पत्रक पर प्रथम आड़ी रेखा होती है। सामान्यत: यह रेखा पत्रक के ऊपरी सिरे से 2.5 से.मी. की दूरी पर होती है। इस रेखा पर प्रत्येक प्रविष्टि का अग्रानुच्छेद अंकित' किया जाता है और इससे ऊपर कुछ भी अंकित नहीं किया जाता है।

2. **प्रथम शीर्ष** (First Vertical): पत्रक पर प्रथम खड़ी रेखा को प्रथम शीर्ष कहते हैं। यह भी लगभग पत्रक के बायें किनारे से 2.5 सेमी अथवा आठ अक्षरों की दूरी पर होती है। प्रत्येक प्रविष्टि का अग्रानुच्छेद इसी रेखा से आरम्भ होता है। सामान्यत: समस्त प्रविष्टियों के सभी अनुच्छेद की निरन्तरता इसी रेखा से होती है।



3. **द्वितीय शीर्ष** (Second Vertical) प्रथम शीर्ष से 1.2.5 से.मी. अथवा चार अक्षरों की दूरी पर स्थिति द्वितीय खड़ी रेखा को द्वितीय शीर्ष कहते हैं। अग्रानुच्छेद और परिग्रहण संख्या अनुच्छेद के अतिरिक्त सामान्यत: अन्य समस्त अनुच्छेद इसी रेखा से आरम्भ होते हैं।

उपरोक्त तीनों रेखायें पत्रक पर लाल स्याही से अंकित की जाती हैं।

4. **छिद्र** (Hole) पत्रक में नीचे की ओर मध्य में 1से.मी. ऊपर एक छेद होता है। दराज में पत्रकों को स्थिर रखने के लिए एक छड़ का उपयोग किया जाता है जो इन छिद्रों में से गुजरती है।

4. ग्रन्थालय हस्तलिपि (Library Hand)

सूची पत्रक जितने स्वच्छ आकर्षक और सुस्पष्ट हो उतना ही अच्छा है। अत: उनको टंकित करने की अनुशंसा की जाती है। किन्तु सभी ग्रंथालयों में और हर समय टंकित मशीन अथवा टंकनकर्ता उपलब्ध नहीं होते। अत: पत्रक हाथ से लिखे जाते हैं। ऐसी स्थिति में रंगनाथन के ग्रंथालय हस्तलिपि का उपयोग करने का सुझाव दिया है। ग्रंथालय हस्तलिपि से तात्पर्य है- सभी अक्षर, अंक और चिन्ह सुस्पष्ट, सीधे, साफ और एक दूसरे से पृथक-पृथक होने चाहिये। जहां तक संभव हो रोमन लिपि में मुद्रण में उपयोग किये जाने वाले बड़े और छोटे

वर्णों (Alphabets) का उपयोग किया जाना चाहिये। ग्रन्थालय हस्तलिपि का नमूना नीचे दिया जा रहा है।

विराम चिन्हों आदि का उपयोग

1. विराम चिन्हों आदि का उपयोग व्याकरण के सामान्य नियमों के अनुसार होता है जब तक की संहिता (Code)में कोई विशिष्ट प्रावधान न हो।

2. शब्द के संक्षिप्तिकरण (Abbreviation) की स्थिति में डॉट (.) लगाने की परिपाटी को सीसीसी के अनुसार त्याग दिया गया है।

5. वर्गीकृत सूची से तात्पर्य (Meaning of Classified Catalogue)

इस इकाई में हम रंगनाथन कृत क्लॉसीफाइड केटालॉग कोड के अनुसार वर्गीकृत सूची का निर्माण करना सीखेंगे। रंगनाथन के अनुसार वर्गीकृत सूची से तात्पर्य ऐसी सूची से है जिसमें कुछ प्रविष्टियाँ संख्या (Number) प्रविष्टियाँ होती हैं और कुछ प्रविष्टियाँ शब्द (Word) प्रविष्टियाँ होती हैं।

अत: वर्गीकृत सूची एक द्विभागीय सूची होती है। यह दो भाग निम्नानुसार होते हैं :

1. वर्गीकृत भाग (Classified part)
2. अनुवर्ण भाग (Alphabetical part)

प्रथम भाग अर्थात् वर्गीकृत भाग मुख्य भाग होता है और इसमें प्रविष्टियाँ वर्गीकृत क्रम (Classified order) से विन्यासित की जाती हैं। द्वितीय भाग इसके पूरक के रूप में कार्य करता है जिसको अनुक्रमणिका (Index) भी कह सकते हैं। इसमें प्रविष्टियाँ अनुवर्ण क्रम (Alphabetical order) में विन्यसित रहती हैं। इसका उपयोग मुख्य भाग से वांछित सूचना प्राप्त करने के लिये भी किया जाता है।

6. रंगनाथन कृत क्लॉसीफाइड केटालॉग कोड के अनुसार प्रविष्टियों का वर्गीकरण प्रविष्टियों और उनकी संरचना (Classification of Entries of CCC and their Structure)

रंगनाथन कृत क्लासीफाइड केटालॉग (= सीसीसी) का उपयोग वर्गीकृत सूची और शब्दकोशीय सूची दोनों के निर्माणार्थ किया जा सकता है। परन्तु इस इकाई में इस संहिता के अनुसार केवल आनुवर्गिक सूची का ही निर्माण निर्धारित है। अत: हम यहां केवल उसी की चर्चा करेंगे। प्रविष्टि को सूची में अन्तिम एकांश लेखा' के रूप में परिभाषित किया जाता है। सीसीसी के अनुसार प्रविष्टियाँ निम्नांकित प्रकार की हो सकती हैं :



उपर्युक्त प्रविष्टियों में मुख्य प्रविष्टियाँ और अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ संख्या (Number) प्रविष्टियाँ हैं। अत: इनको वर्गीकृत भाग में वर्गक्रम से विन्यसित किया जाता है। शेष प्रविष्टियाँ अर्थात् वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ; ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ और नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ शब्द (Word) प्रविष्टियाँ हैं। अत: इनको अनुवर्ण भाग में वर्णक्रम् में विन्यासित किया जाता है।

द्वितीय प्रकार का विभाजन

1. विषय प्रविष्टियाँ (Subject Entries): उन प्रविष्टियों को कहते हैं जो उपयोगकर्ता की विषय अभिगम को सन्तुष्ट करती हैं। उपर्युक्त प्रविष्टियों में मुख्य प्रविष्टियाँ, अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ और वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ इसी श्रेणी के अन्तर्गत आती हैं।

2. अविषय प्रविष्टियाँ (Non- Subject Entries): उन प्रविष्टियों को कहते हैं वे उपयोगकर्ता की विषय के अतिरिक्त अन्य अभिगमों अर्थात् लेखक (Author), आख्या (Title), सहकारक (Collaborator) और ग्रंथमाला (Series) को सन्तुष्ट करती हैं। उपर्युक्त प्रविष्टियों में शेष प्रविष्टियाँ अर्थात् ग्रंथ निर्देशी प्रविष्टियाँ और नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ इस श्रेणी के अन्तर्गत आती हैं।

तृतीय प्रकार का विभाजन

1. विशिष्ट प्रविष्टियाँ (Specific Entries): उन प्रविष्टियों को कहते हैं जो किसी विशेष से सम्बन्ध रखती हैं। उपर्युक्त प्रविष्टियों में मुख्य प्रविष्टियाँ, अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ और ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियां इसी श्रेणी के अन्तर्गत आती हैं।

2. सामान्य प्रविष्टियाँ (General Entries): उन प्रविष्टियों को कहते हैं जो अनेक ग्रंथो से सम्बन्धित होती हैं। उपर्युक्त प्रविष्टियों में शेष प्रविष्टियाँ अर्थात् वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ और नामान्तर निर्देशी' प्रविष्टियाँ इसी श्रेणी के अन्तर्गत आती हैं।

6.1 मुख्य प्रविष्टि (Main Entry)

मुख्य प्रविष्टि किसी ग्रन्थ की सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रविष्टि होती है अर्थात् अधिकांश उपयोगकर्ताओं की अभिगम की सम्पूर्ति करती है। रंगनाथन के मतानुसार आजकल सर्वाधिक उपयोगकर्ताओं की रुचि अपने विशिष्ट विषय में होती है। अत: मुख्य प्रविष्टि विषय के अन्तर्गत निर्मित करनी चाहिये। परन्तु इसमें ग्रन्थ का विशिष्ट विषय वर्गीकरण की कृत्रिम भाषा में वर्गाक के रूप में अंकित रहता है। अत: इनको सूची के वर्गीकृत भाग में वर्ग क्रम में विन्यासित किया जाता है। संबंधित ग्रंथ का मुख पृष्ठ तथा आस-पास के पृष्ठ, मुख्य प्रविष्टि की सूचना के प्रमुख स्रोत होते हैं।

मुख्य प्रविष्टि एक विशिष्ट प्रविष्टि होती हैं जो ग्रन्थ के संबंध में अधिकतम सूचना प्रदान करती है। प्रत्येक ग्रन्थ के लिये एक मुख्य प्रविष्टि का निर्माण किया जाता है। इस प्रविष्टि में संकेत (Tracing) के रूप में ग्रंथ से संबन्धित समस्त इतर प्रविष्टियों के बारे में सूचना अंकित रहती है। सीसीसी के नियमांक MBO के अनुसार, मुख्य प्रविष्टि में निम्नानुसार अनुच्छेद होते हैं :

1. अग्र अनुच्छेद (Leading Section)
2. शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section)
3. आख्या अनुच्छेद (Title Section)
4. टिप्पणी अनुच्छेद (Notes Section)
5. परिग्रहण क्रमांक अनुच्छेद (Accession Number Section)
6. संकेत अनुच्छेद (Traching Section)

इन अनुच्छेदों में निम्नानुसार सूचना अंकित की जाती है

1. **अग्र अनुच्छेद:** इस अनुच्छेद में ग्रंथ का क्रामक अंक (Call Number) अंकित किया जाता है। इसी कारण इसको क्रामक अंक अनुच्छेद भी कहते हैं। इसको अग्र रेखा पर प्रथम शीर्ष से आरम्भ करते हुए लिखना चाहिये। इसको सदैव पेन्सिल से लिखना चाहिये। ग्रंथ का क्रामक अंक, मुखपृष्ठ के पश्च भाग पर अंकित होता है। वहां से लेकर लिखना चाहिये। वर्गांक (Class Number) और ग्रन्थांक (Book Number) के मध्य दो अक्षरों का स्थान छोड़ना चाहिये।

2. **शीर्षक अनुच्छेद:** सबसे महत्वपूर्ण अनुच्छेद होता है। इसमें सामान्यत: ग्रन्थ के लेखक का नाम अंकित किया जाता है। लेखक न होने पर नियमानुसार ग्रंथ के सहकारक (Collaborator) का नाम अथवा उसकी आख्या अंकित की जाती है। शीर्षक के चयन (Choice) और उपकल्पन (Rendering) की चर्चा विभिन्न इकाइयों में की जायेगी।

3. **आख्या अनुच्छेद:** इस अनुच्छेद में क्रमशः (I) ग्रंथ की सम्पूर्ण आख्या (II) ग्रंथ का संस्करण, और (III) सहकारक संबंधी सूचना अंकित की जाती है। यह सूचना एक पैराग्राफ में तीन वाक्यों में दी जाती हैं।

4. **टिप्पणी अनुच्छेद**: सीसीसी के अनुसार टिप्पणियाँ निम्नानुसार छः प्रकार की हो सकती हैं:

(i) ग्रंथमाला टिप्पणी (Series note)

(ii) बहु- ग्रंथमाला टिप्पणी (Multiple Series note)

(iii) उद्गृहीत टिप्पणी (Extract note)

(iv) आख्या परिवर्तन टिप्पणी (Change of title note)

(v) उद्ग्रहण टिप्पणी (Extraction note), और

(vi) सम्बद्ध ग्रंथ टिप्पणी (Associated book note)

इन टिप्पणियों की चर्चा विभिन्न इकाइयों में की जायेगी।

5. **परिग्रहण क्रमांक अनुच्छेद:** परिग्रहण क्रमांक मुखपृष्ठ के पश्च भाग पर अंकित होता है। वहां से लेकर लिखा जाता है। इसको सबसे निचली रेखा पर प्रथम शीर्ष से आरम्भ करके लिखा जाता है। इसका उद्देश्य प्रशासकीय माना जाता है।

6. **संकेत अनुच्छेद:** इसको मुख्य प्रविष्टि पत्रक के पश्च भाग (Back) पर अंकित करने का प्रावधान है। इसको ग्रंथ की इतर प्रविष्टियाँ निर्मित करने के पश्चात् ही अंकित किया जा सकता है क्योंकि इसमें उक्त ग्रंथ की इतर प्रविष्टियाँ संबंधी सूचना अंकित रहती है। इसका उद्देश्य भी प्रशासकीय है अर्थात् आवश्यकता पड़ने पर किसी ग्रन्थ की मुख्य प्रविष्टि खोज कर उसे सम्बन्धित इतर प्रविष्टियों की जानकारी प्राप्त की जा सके।

संकेत अनुच्छेद (Tracing Section)

संकेत अंकित करने के लिये मुख्य प्रविष्टि पत्रक के पश्च भाग (Back) को एक काल्पनिक शीर्ष रेखा के द्वारा दो अर्थ भागों में विभाजित मान लिया जाता है। जिनको बाँया अर्द्ध और दाँया अर्द्ध की संज्ञा दी जाती है।

बाँये अर्द्ध भाग में ग्रंथ से संबंधित अन्तर्विषयी प्रविष्टियों के वर्गांक अंकित किये जाते हैं और उनके समक्ष 'p'(पृष्ठ), part (भाग), chap (अध्याय), sec (अनुच्छेद) आदि शब्द लिखकर संबंधित संख्यायें अंकित की जाती हैं। प्रत्येक अन्तर्विषयी प्रविष्टि के लिए एक रेखा का उपयोग किया जाता है। इनको वर्गीकृत क्रम में अंकित किया जाता है।

दाँये भाग में क्रमशः वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों, ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियों और नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियों के शीर्षक अंकित किए जाते हैं। वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों का अनुक्रम अंतिम खोज कड़ी से प्रथम खोज कड़ी होता है। ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियों का अनुक्रम लेखक प्रविष्टियाँ, सहकारक प्रविष्टियाँ, आख्या प्रविष्टियाँ और ग्रन्थमाला प्रविष्टियाँ होता है। नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियों का अनुक्रम वैकल्पिक नाम प्रविष्टि, एक शब्द के विभिन्न स्वरूप प्रविष्टि छदमनाम-वास्तविक - नाम प्रविष्टि, संपादक- ग्रन्थमाला प्रविष्टि और सजातीय-नाम प्रविष्टि होता है।

वर्ग निर्देशी प्रविष्टि का प्रत्येक पद बड़े अक्षर से आरम्भ होता है। ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टि और नामान्तर निर्देशी प्रविष्टि के प्रत्येक शीर्षक का प्रथम शब्द बड़े अक्षर से आरम्भ होता है। इसके अतिरिक्त व्याकरण के समान्य नियमों का पालन किया जाता है। विवरणात्मक पद को रेखांकित किया जाता है, बड़े अक्षर से आरम्भ किया जाता है और इससे पूर्व अर्द्ध विराम (Comma) लगाया जाता है। यदि कोई शीर्षक एक रेखा में नहीं आ पाता है तो नैरन्तर्य अगली रेखाओं में दो अक्षरों का स्थान छोड़कर किया जाता है। प्रत्येक शीर्षक के अन्त में पूर्ण विराम (Full stop) लगाया जाता है।

प्रत्येक प्रकार की निर्देशी प्रविष्टियों के मध्य एक रेखा का रिक्त स्थान छोड़कर उनको समूहों के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है।

मुखपृष्ठ

Memories, Dreams, Reflections

by

C.G. Jung

Edited by

Aneille Jaffe

London

Oxford University Press

1963

Other Information

Call No.	S N63
Acc.No.	17291
H.T.P.	Classics in Psychology. Edited by Richard M. Phillips. No.51. The book is divided in to following 3 Parts which are to be highlighted
Note:	Memories S: 43 P 1-62 Reflections S: 49 P 63-126 Dreams S: 811 P 127-197

मुख्य प्रविष्टि का नमूना

मुख्य प्रविष्टि-पत्रक का अग्र भाग



मुख्य प्रविष्टि पत्रक का पश्च भाग

6. संकेत अनुच्छेद ⟶ **संकेत (Tracing)**



टिप्पणी: संकेत में अन्तविर्षयी प्रविष्टियों को वर्गीकृत क्रम में अंकित किया गया है। वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों में सर्व-प्रथम मुख्य प्रविष्टि से व्युत्पन्न प्रविष्टियों के शीर्षक अंकित किये गये हैं, तत्पश्चात् अन्तविर्षयी प्रविष्टियों से व्युत्पन्न प्रविष्टियों के शीर्षक अंकित किये गये है।

मुख्य प्रविष्टि और संकेत में सब स्थानों पर क्रामक अंक (Call Number) और वर्गांक पेन्सिल से लिखे जायेंगे।

6.2 इतर प्रविष्टियाँ (Added Entries)

मुख्य प्रविष्टि उपयोगकर्ताओं की मुख्य अभिगम की संपूर्ति करती है। अन्य अभिगमों की संपूर्ति हेतु इतर प्रविष्टियों का निर्माण किया जाता है। रंगनाथन के अनुसार, "मुख्य प्रविष्टि के अतिरिक्त अन्य प्रविष्टियाँ , इतर प्रविष्टियाँ कहलातीं हैं।"सीसीसी'' के अनुसार यह निम्नांकित प्रकारों की होती हैं :

1. अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ
2. निर्देशी प्रविष्टियाँ
3. नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ

6.2.1 अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ (Cross Reference Entries)

सीसीसी के नियमांक MJ के अनुसार अन्तर्विषयी प्रविष्टि में निम्नलिखित अनुच्छेद हैं:

1. अग्र अनुच्छेद (Leading Section)
2. द्वितीय अनुच्छेद (Second Section)
3. मूल प्रलेख विवरण अनुच्छेद (Locus Section)
   (i) ग्रन्थ का क्रामक अंक
   (ii) ग्रन्थ की मुख्य प्रविष्टि का शीर्षक
   (iii) ग्रन्थ की आख्या, संस्करण सहित और प्राप्ति स्थल जैसे पृष्ठ, अध्याय, भाग आदि।

अन्तर्विषयी प्रविष्टियों के नमूने

(1)

	S: 43	
		See also S N63 Jung. Memories,dreams, reflections. Ed 3. P 1-62.

(2)

	S: 45	
		<u>See also</u> S N63 Jung. Memories,dreams,reflections. Ed3. P 63-125.

(3)

	S: 811	
		<u>See also</u> S N63 Jung. Memories,dreams,reflections.Ed3. P 127-197

टिप्पणी: उपर्युक्त तीनों प्रविष्टियाँ अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ हैं। इनमे वर्गांक और क्रमश अंक पेंसिल से लिखे जायेंगे।

6.2.2 निर्देशी प्रविष्टियाँ (Index Entries)

निर्देशी प्रविष्टियाँ दो प्रकार की होती है :-

1. वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ (Class Index Entries)
2. ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ (Book Index Entries)

6.2.2.1 वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ (Class Index Entries)

मुख्य प्रविष्टि में ग्रन्थ का विशिष्ट विषय वर्गीकरण की कृत्रिम भाषा में अंकित रहता है। उपयोगकर्ता इसको समझने में असमर्थ रहते हैं। अत: उनके मार्गदर्शन के लिये प्राकृतिक भाषा में विषय प्रविष्टियों का निर्माण किया जाता है। जिनको सीसीसी में वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों का नाम दिया गया है। इनकी व्युत्पत्ति वर्गांक से होती है। इनकी व्युत्पत्ति के लिये रंगनाथन ने एक विधि का प्रतिपादन किया है। जिसको श्रृंखला प्रक्रिया (Chain Procedure) नाम दिया गया है '। इस सम्बन्ध में विस्तृत नियम सीसीसी के भाग K में दिये गये हैं, जिनका अध्ययन आपको करना चाहिये। यहाँ उनको संक्षेप में उद्गृहीत किया जा रहा है।

वर्ग निर्देशी प्रविष्टि वह सामान्य इतर शब्द प्रविष्टि है जो वर्ग के नाम से वर्गाक की ओर निर्दिष्ट करती है। मुख्य प्रविष्टि तथा अन्तर्विषयी दोनों के वर्गांकों से श्रृंखला प्रक्रिया द्वारा विषय शीर्षक प्राप्त कर वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों का निर्माण किया जाता है।

6.2.2.1.1 श्रृंखला प्रक्रिया (Chain Procedure)

रंगनाथन ने श्रृंखला प्रक्रिया को परिभाषित करते हुए लिखा है, ' श्रृंखला प्रक्रिया किसी भी वर्गांक से विषय शब्द प्रविष्टि व्युत्पन्न करने की लगभग एक यांत्रिक प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में वर्गाक को एक श्रृंखला के रूप में विश्लेषित किया जाता है।

कड़ियाँ निम्नांकित प्रकार की होती हैं :

1. **मिथ्या कड़ी** (False Link) एक ऐसी कड़ी है जिसका कोई अर्थ नहीं होता है अथवा जिसकी समाप्ति निम्नलिखित से होती है:

   i. योजक चिन्ह जैसे: , ; : . अथवा
   ii. दशा सम्बन्ध (Phase relation) का प्रतिनिधित्व करने वाले अंक जैसे 0a 0b 0c 0d 0g पर अथवा
   iii. अन्त: पक्ष दशा सम्बन्ध (Intra facet phase relation) का प्रतिनिधित्व करने वाले अंक जैसे 0j 0k 0m 0n 0r अथवा
   iv. अन्त: पंक्ति दशा सम्बन्ध (Intra array phase relation) का प्रतिनिधित्व करने वाले अंक जैसे 0t 0u 0v 0w 0y पर अथवा
   v. काल एकल से जो वर्गाक में काल पक्ष में स्वयं में काल पक्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं और अन्य किसी मूलभूत श्रेणी का प्रतिनिधित्व नहीं करते अर्थात् वे स्थान (Space), ऊर्जा (Energy), पदार्थ (Matter) अथवा व्यक्तित्व (Personality) के रूप में नहीं आते।

2. **अखोज कड़ी** (Unsougt Link): ऐसी कड़ी जिसके अन्तर्गत पाठ्य-सामग्री उत्पादित होने अथवा पाठकों द्वारा खोजने की सम्भावना न हो।
3. **खोज कड़ी** (Sought Link): उस कड़ी को कहते हैं जो न मिथ्या हो, न विलयित (Fused) और न अखोज हो अर्थात् जिस कड़ी पर पाठकों द्वारा पाठ्य-सामग्री खोजने की सम्भावना हो।
4. **विलुप्त कड़ी** (Missing Link): श्रृंखला में विलुप्त एकल से संबंधित रिक्तता (Gap) वाली कड़ी को विलुप्त कड़ी कहते हैं।
5. **छद्म कड़ी** (Pseudo Link): ऐसी कड़ी को जो ग्रन्थांक (Book Number) के किसी भाग के अंक या अंक समूह द्वारा बनती है, छद्म कड़ी कहते हैं।

प्रक्रिया

मुख्य प्रविष्टि का वर्गाक : S

श्रृंखला (Chain)

S = Pshchology (Sought Link)

टिप्पणी: उपर्युक्त वर्गांक में केवल एक ही अंक है अत: एक ही कड़ी बनेगी।

अन्तर्विषयी प्रविष्टियों के वर्गांक: S: 43

S: 45

S: 811

श्रृंखलायें (Chain)

(1)↓S	=	Pshchology (Sought Link)
↓S:	=	(False Link)
↓S: 4	=	Cognition, Conception in pshchology (Sought Link)
S: 43	=	Memory in psychology (Sought Link)
(2)↓S	=	Psychology (Sought Link)
↓S:	=	(False Link)
↓S: 4	=	Cognition, Conception in psychology (Sought Link)
S: 45	=	Reflection, Self Conciousness in psychology (Sought Link)
(3)↓S	=	Psychology (Sought Link)
↓S:	=	(False Link)
↓S:8	=	Metapsychology (Sought Link)
↓S:81	=	Sleep in Metapsychology (Sought Link)
↓S:811	=	Dream in Metapsychology (Sought Link)

6.2.2.1.2 वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों की संरचना

वर्ग निर्देशी प्रविष्टि एक विषय प्रविष्टि होती है जिसमें निम्नांकित तीन अनुच्छेद होते हैं: -

1. **अग्रानुच्छेद:** इसमें प्रत्येक मुख्य प्रविष्टि और अन्तर्विषयी प्रविष्टि के वर्गाकों से निर्मित श्रृंखलाओं की खोज कड़ियों (Sought links) के अन्तिम अंक के प्रतिनिधित्व करने वाले शब्द को प्रथम पद बनाया जाता है। प्रत्येक खोज शीर्षक से एक वर्ग निर्देशी प्रविष्टि का निर्माण होता है। अत: वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों की संख्या खोज शीर्षकों पर निर्भर करती हैं। यदि शीर्षक व्यष्टिकृत (Individualising) नहीं होता तो व्यष्टिकृत करने के लिये प्रसंग के उपसूत्र की सहायता से एक या अधिक ऊपरी खोज कड़ियों के अन्तिम शब्दों से उपशीर्षकों की व्युत्पत्ति की जाती है। प्रत्येक शीर्षक या उपशीर्षक सिवाय इसके कि जब तक प्रशंसात्मक विशेषण (Qualifying adjective) न हों, सामान्य: प्रथमाविभक्ति (Nominative case) में एकाकी संज्ञा होता है। समस्त पद, उपयोग की जा रही वर्गीकरण पद्धति के लिये जाते हैं। यह अनुच्छेद अग्र रेखा पर प्रथम शीर्ष से आरम्भ होता है तथा अनुवर्ती पंक्तियाँ भी प्रथम शीर्ष से आरम्भ होती हैं।

इस प्रकरण में विस्तृत नियम सीसीसी के अध्याय KD और KE में दिये गये हैं जिनका पालन करना चाहिये।

2. **द्वितीय अनुच्छेद**: इसमें नियमांक KF2 के अनुसार निम्नलिखित निर्देशक शब्द अंकित किये जाते हैं:

For documents in this Class and its Subdivisions see the classified part of the catalogue under the Class Number

यह अनुच्छेद द्वितीय शीर्ष से आरम्भ होता है और अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम शीर्ष से आरम्भ होती हैं। अन्य निर्देशक शब्दों की भांति यह निर्देशक शब्द रेखांकित नहीं किये जाते हैं। अन्त में पूर्ण विराम (Full stop) नहीं लगाया जाता।

3. **तृतीय अनुच्छेद:** इसमें अग्रानुच्छेद में दिये गये शीर्षक को दर्शाने वाला निर्देशांक (Ondex number) अंकित किया जाता है। इसको द्वितीय अनुच्छेद समाप्त होने वाली पंक्ति में जितना संभव हो सके उतना दाहिनी ओर पेन्सिल से लिखना चाहिये। द्रितीय अनुच्छेद और निदेशाक के मध्य कम से कम चार अक्षरों का स्थान होना चाहिये। यदि पर्याप्त स्थान न हो तो अनुवर्ती पंक्ति पर यथासंभव दाहिनी ओर लिखा जाता है।

वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों के नमूने

	MEMORY, PSYCHOLOGY.	
	For documents in this Class and its Subdivisions, see the Classified part of the catal under the Class Number S:43	

	COGNTION, PSYCHOLOGY	
	For documents .... Class Number S:4	

	PSYCHOLOGY	
	Class	For documents .... Number S

	REFLECTION, PSYCHOLOGY	
	Class	For documents .... Number S:45

	DREAM METAPSYCHOLOGY.	
	Class	For documents .... Number S:811

	SLEEP, METAPSYCHOLOGY.	
	Class	For documents .... Number S:81

	METAPSYCHOLOGY.	
	Class	For documents .... Number S:8

टिप्पणी : 1. Psychology और Cognition के अन्तर्गत एक ही बार वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों का निर्माण किया गया है। यह तथ्य विशेष रूप में ज्ञातव्य है क्योंकि ग्रन्थालय में सूची में ऐसा ही करना चाहिये।

2. निर्देशक शब्द को केवल प्रथम प्रविष्टि में पूर्ण रूप से अंकित किया गया है। शेष में केवल प्रथम दो शब्द और अंतिम दो शब्द अंकित किये गये हैं। आगे भी ऐसा ही किया जायेगा। यह समय और बचाने के लिये किया गया है। वैसे ग्रन्थालय में प्रत्येक प्रविष्टि में इनको पूर्ण रूप से अंकित किया जाता है। वस्तुत:। इनको पत्रकों पर मुद्रित करवा लिया जाता है।

3. पत्रकों का आकार स्थान बचाने को छोटा कर दिया गया है और आगे भी ऐसा ही जायेगा। वस्तुत: प्रत्येक पत्रक समान आकार का 12.5 सेमी. और 7.5 से.मी. होता है।

6.2.2.2 ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ (Book Index Entries)

आनुवर्गिक सूची की विशिष्ट सहायक शब्द प्रविष्टि को ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टि कहते हैं। यह मुख्यत: निम्नलिखित चार प्रकार की होती हैं और तदनुसार उपयोगकर्ताओं की अभिगमों की सम्पूर्ति करती हैं:

(i) लेखक/ सहलेखक निर्देशी प्रविष्टि

(ii) सहकारक/ सह-सहकारक निर्देशी प्रविष्टि

(iii) आख्या निर्देशी प्रविष्टि

(iv) ग्रन्थमाला निर्देशी प्रविष्टि

ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टि की संरचना

सीसीसी के नियमांक MK0 के अनुसार एक ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टि में निम्नानुसार अनुच्छेद होते हैं। सामान्यत: अधिकांश ग्रन्थों की ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियों में प्रथम तीन अनुच्छेदों की ही आवश्यकता होती है:

1. **अग्रानुच्छेद:** अग्ररेखा पर प्रथम शीर्ष से आरम्भ होता है। अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम शीर्ष से आरम्भ होती है।

2. **द्वितीय अनुच्छेद**: द्वितीय शीर्ष से आरम्भ होता है। ग्रन्थमाला प्रविष्टि में शीर्ष से आरम्भ होता है।

3. **निर्देशांक** (Index number) द्वितीय अनुच्छेद की समाप्ति पर कम से कम चार अक्षरों का स्थान छोड़कर उसी पंक्ति पर यथासम्भव दाहिनी ओर पेन्सिल से लिखा जाता है। समुचित स्थान न होने पर अनुवर्ती पंक्ति में यथासम्भ दाहिनी ओर अंकित किया जाता है।

4. **टिप्पणी अनुच्छेद** : यदा-कदा आवश्यक पड़ती है।

नमूने की ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ

उपर्युक्त ग्रन्थ के लिये निर्मित की जाने वाली ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ नीचे प्रस्तुत की जा रही हैं :

लेखक निर्देशी प्रविष्टि (Author Index Entry)

	JUNG	(CG).
		Memories, dreams, reflection. Ed 3. S N63

सहकारक निर्देशी प्रविष्टि (Collaborator Index Entry)

	JAFFE	(Aneille), Ed.
		Jung: Memories, dreams, reflections. Ed 3. S N63

आख्या निर्देशी प्रविष्टि (Title Index Entry)

	MEMORIES, DREAMS, reflections Ed 3.	
		By Jung. S N63

टिप्पणी. 1. सीसीसी के नियमों के अनुसार आख्या प्रविष्टि निर्मित करने का प्रावधान अपवाद स्वरूप है। जिसकी चर्चा आगे की जायेगी। वस्तुत: इस ग्रन्थ की आख्या प्रविष्टि निर्मित नहीं होगी। यहाँ उसको नमूने के तौर पर समझाने के लिये बनाया गया है।

2.यह स्मरण रखना चाहिये कि ग्रंथ की आख्या का शीर्षक के रूप में प्रयुक्त पर प्रथम दो शब्द बड़े अक्षरों में लिखे जाते है।

ग्रन्थमाला निर्देशी प्रविष्टि (Series Index Entry)

	CLASSICS IN PSYCHOLOGY.	
	51	Jung: Memories,dreams, eflections. Ed 3. S N63

6.2.3 नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ (Cross Reference Index Entries)

सीसीसी के अनुसार नामान्तर निर्देशी प्रविष्टि एक सामान्य सहायक प्रविष्टि है जो एक शब्द या शब्द समूह से अन्य पर्यायवाची शब्द समूह की ओर निर्दिष्ट करती है। नियमांक LA'3 के अनुसार यह निम्नांकित पांच प्रकार की होती है:

1. वैकल्पिक नाम प्रविष्टि (Alternative Name Entry)
2. शब्द परिवर्ती रूप प्रविष्टि (Variant- Form of Word Entry)
3. छद्म नाम वास्तविक नाम प्रविष्टि (Pseudonym Real Name Entry)
4. ग्रन्थमाला-सम्पादक नाम प्रविष्टि (Editor of Series Entry)

5. सजातीय नाम प्रविष्टि (Generic Name Entry)

सामान्य: नामान्तर निर्देशी प्रविष्टि उन शीर्षकों के अन्तर्गत निर्मित होती है जो उक्त ग्रन्थ की वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों और ग्रंथ निर्देशी प्रविष्टियों में समाविष्ट नहीं हो सके हैं और उपयोगकर्ताओं द्वारा उनके अन्तर्गत पाठ्यसामग्री खोजने की सम्भावना है। वस्तुत: इनकी निष्पत्ति ग्रंथ निर्देशी प्रविष्टियों से मानी जाती है। इसी कारण इनको द्वितीय क्रम में व्युत्पन्नता की प्रविष्टियाँ (Entries of second order of derivation) कहते हैं।

नामान्तर निर्देशी प्रविष्टि की संरचना

सीसीसी नियमांक LA1 के अनुसार इस प्रविष्टि में निम्नानुसार तीन अनुच्छेद होते है:

1. **अग्रानुच्छेद**: यह अनुच्छेद अग्र रेखा पर प्रथम शीर्ष से आरम्भ होता है और अनुवर्ती पंक्ति भी प्रथम शीर्ष से आरम्भ होती है। इसमें उस शीर्षक को अंकित किया जाता है जिससे निर्देशित किया गया है।
2. **द्वितीय अनुच्छेद:** यह अनुच्छेद अनुवर्ती रेखा पर द्वितीय शीर्ष से आरम्भ होता है। इसमें आवश्यकतानुसार शब्द See अथवा 'See also' अंकित किये जाते हैं जिनको रेखांकित किया जाता है।
3. **निर्देशित शीर्षक अनुच्छेद:** यह अनुच्छेद अनुवर्ती रेखा पर द्वितीय शीर्ष से आरम्भ होता है और अनुवर्ती पंक्ति प्रथम शीर्ष से आरम्भ होती है। इस अनुच्छेद में निर्देशित शीर्षक अंकित किया जाता है।

टिप्पणी: यह विशेष रूप से ज्ञातव्य है कि इन प्रविष्टियों में ग्रंथ की आख्या और क्रामक अंक (Call Number) अंकित नहीं किये जाते जो ग्रंथ निर्देशी प्रविष्टियों में अवश्य अंकित किये जाते हैं।

नमूने की नामान्तर निर्देशी प्रविष्टि

	PHILLIPS (Richard M), Ed.	
		<u>See</u> CLASSICS IN PSYCHOLOGY.

टिप्पणी: जैसा कि ऊपर बताया गया है नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ पांच प्रकार की होती हैं। यह उनमें से ग्रन्थमाला-सम्पादक-नाम प्रविष्टि है। अन्य प्रकार की नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ सम्बन्धित प्रकरणों में निर्मित करके समझायी जायेगी।

7. विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रंथसूची (Bibliography)

1. सूद (एस पी): सूचीकरण प्रक्रिया. जयपुर, आर.बी.एस.ए., 1998.
2. वर्मा (ए के): क्रियात्मक अनुवर्ग सूचीकरण. रायपुर, सेन्ट्रल बुक हाउस, 1999.
3. Krishna kumar: An introduction to cataloguing practice. New Delhi, Vikas, 1996.
4. Ranganathan (SR): Classified catalogue code etc.Ed5. Bangalore, Sarda Rangnathan Endowment for Library Science, 1992.
5. Ranganathan (SR): Cataloguing practice. Ed2. Bangalore, Sarda Ranganathan Endowment for Library Science, 1994.

इकाई-2: एकल व्यक्तिगत लेखकत्व की कृतियों का सूचीकरण (Cataloguing of Books of Single Personal Authorship)

उद्देश्य

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :-

1. व्यक्तिगत लेखक की अवधारणा से परिचित कराना,
2. एकल व्यक्तिगत लेखक से सम्बन्धित सूचीकरण नियमों से परिचित कराना,
3. एकल व्यक्तिगत लेखकत्व के ग्रंथो के क्रियात्मक सूचीकरण से परिचित कराना।

संरचना

1. लेखक की परिभाषा
2. लेखकत्व के प्रकार
    - 2.1 व्यक्तिगत लेखकत्व से तात्पर्य
        - 2.1.1 एकल व्यक्तिगत लेखकत्व : शीर्षक का वरण
        - 2.1.2 एकल व्यक्तिगत लेखकत्व: शीर्षक का उपकल्पन
3. आख्या अनुच्छेद के उपकल्पना के सम्बन्ध में मुख्य बिन्दु
4. ग्रंथमाला टिप्पणी अनुच्छेद
5. सूचीकृत मुखपृष्ठ
6. अभ्यास के लिये मुखपृष्ठ
7. विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रंथसूची

1. लेखक की परिभाषा (Definition of Author)

लेखक के बिना कोई भी ग्रन्थ अस्तित्व में नहीं आ सकता। अत: लेखक, ग्रन्थ का जन्मदाता, रचयिता या सृजनकर्ता होता है। उस पर ग्रन्थ में वर्णित विचारों और अभिव्यक्ति की शैली का उत्तरदायित्व होता है। रंगनाथन ने अपने सीसीसी में लेखक को निम्नांकित दो भावों में व्यक्त किया है :

"भाव1- व्यक्ति (Person) जो किसी कृति का सृजन करता है अर्थात् उसमें सन्निहित विचार और अभिव्यक्ति का सृजन करता है।

भाव 2- समष्टि निकाय (Corporate body) जिस पर किसी कृति का उत्तरदायित्व होता है अर्थात् उसमें सन्निहित विचार और अभिव्यक्ति का उत्तरदायित्व होता है। (सीसीसी, पृ.126)

2. लेखकत्व के प्रकार (Type of Authorship)

उपर्युक्त परिभाषाओं से स्पष्ट है कि लेखकत्व दो प्रकार के हो सकते है :

1. व्यक्तिगत लेखकत्व
2. समष्टिगत लेखकत्व

2.1 व्यक्तिगत लेखक की परिभाषा (Definition of Personal Author)

जैसाकि ऊपर बताया गया है कि जब किसी कृति की रचना के लिये एक या अधिक व्यक्ति निजी क्षमता में उत्तरदायी होते हैं जो उस कृति को व्यक्तिगत लेखक की कृति कहते हैं और उन व्यक्तियों को व्यक्तिगत लेखक कहते हैं। रंगनाथन ने व्यक्तिगत लेखक की परिभाषा इस प्रकार की है, "व्यक्ति, लेखक के रूप में अर्थात् कृति में निहित विचारों और उनकी अभिव्यक्ति का पूर्ण उत्तरदायित्व उस पर निजी क्षमता में होता है और किसी समष्टि निकाय के अन्तर्गत उस पद पर वह व्यक्ति आसीन हो नही होता न ही उस निकाय पर होता है। (सीसीसी पृ.126)

व्यतिगत लेखक की कृतियों को पुन: सीसीसी के अनुसार क्रियात्मक सूचीकरण की दृष्टि से दो वर्गों में विभक्त कर दिया गया है:

1. एकल व्यक्तिगत लेखकत्व की कृतियाँ
2. एक से अधिक व्यक्तिगत लेखकत्व की कृतियाँ

इस इकाई में हमारा अध्ययन केवल एकल व्यक्तिगत लेखकत्व की कृतियों तक सीमित रहेगा।

2.1.1 एकल व्यक्तिगत लेखक: शीर्षक का वरण (Choice of Heading of Single personal Author)

जब किसी कृति की रचना एवं उसमें वर्णित विचार एवं अभिव्यक्ति के लिये मात्र एक ही व्यक्ति उत्तरदायी हो मो उस कृति को एकल व्यक्तिगत लेखकत्व की कृति कहते हैं।

सीसीसी में एकल व्यक्तिगत लेखकत्व की कृतियों की मुख्य प्रविष्टियों के शीर्षकों के वरण के लिये किसी विशिष्ट नियम का समावेश नहीं है। अत: इस प्रकार की कृतियों के लिये सीसीसी में नियमांक MD1 प्रयुक्त किया जाता है जो निम्नानुसार है:

"शीर्षक का निर्माण निम्नलिखित में से अग्रतम (Earliest) के अनुसार होगा जो ग्रन्थ स्वीकार करता हो और....

1. एकल व्यक्तिगत लेखक का नाम;
2. सहव्यक्तिगत लेखकों के नाम
3. एकल समष्टिगत लेखक का नाम
4. सहव्यक्तिगत लेखक और सह समष्टिगत लेखक का नाम;
5. सह समष्टिगत लेखकों के नाम
6. एक अथवा दो अथवा अधिक छद्‌यनाम (Pseudonym)
7. एकल सहकारक (Collaborator) का नाम;

8. सह सहकारको का नाम; और

9. ग्रन्थ की आख्या (Title)।

यह नियम सीसीसी का आधारभूत नियम है और अन्य समस्त प्रकार की कृतियों के सूचीकरण के लिये भी मार्गदर्शक का काम करता है। अत: इसको सदैव स्मरण रखना चाहिये।

उपर्युक्त नियम के अनुसार यदि एकल व्यक्ति कृति का लेखक हो तो उसका नाम मुख्य प्रविष्टि के शीर्षक के रूप में प्रयुक्त किया जायेगा।

2.1.2 एकल व्यक्तिगत लेखकत्व: शीर्षक उपकल्पन (Rendering of Heading of Single Personal Author)

उपकल्पन से तात्पर्य शीर्षक के स्वरूप (Form) से है। व्यक्तिगत नामों के उपकल्पन से संबंधित नियम सीसीसी के अध्याय JA में दिये गये हैं जिनका अध्ययन करना चाहिये।

अधिकांश प्राचीन व्यक्तिगत नाम एक शब्द के होते हैं। अत: उनके उपकल्पन में कोई विशेष समस्या नहीं है यथा:

KALIDAS

KAUITLYA

VALNIKI

ARISTOTLE

परन्तु आधुनिक व्यक्तिगत नाम एक से अधिक शब्दों, में निर्मित होते हैं। अत: उन नामों के उपकल्पन में अग्रलिखित क्रम को अपनाया जाता है:

1. प्रविष्टि पद (Entry element)
2. द्वितीय पद (Secondary element) और
3. व्यष्टिकृत पद (Individualising element)

यथा:

RANGANATHAN (Shiyali Ramamrita) (1892-1972)

उपर्युक्त उदाहरण में व्यष्टिकृत पद (अन्तिम पद) अर्थात् जन्म और मृत्यु का वर्ष अंकित किया गया है। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप ग्रन्थालय इसको छोड़ सकता है। इन इकाइयों में सामान्यत: इसको छोड़ दिया गया है। यत्र- तत्र उपलब्ध होने पर अंकित किया गया है।

व्यक्ति का नाम उपकल्पित करने में नाम के संलग्क ('Attachments) तथा सम्मानसूचक शब्द जैसे Dr, Prof, Pdt, Sir, Rai, Saheb, Padmashri आदि और शैक्षणिक पदवियाँ जैसे M.A, MSc. Ph. D. आदि सामान्य: छोड़ दिये जाते हैं। अत: हम कह सकते हँ कि शीर्षक में व्यक्ति का विशुद्ध नाम अंकित किया जाता है।

आधुनिक पश्चिमी और अधिकांश भारतीय नामों में कुलनामों (Surnames) के लगाने की प्रथा है जो व्यक्ति नाम के अन्त में लगाये जाते हैं। सामान्यत: उनको प्रविष्टि पद बनाया जाता है। उनको रोमन बड़े अक्षरों में लिखा जाता है। साधारणतया यह एक शब्दीय होते हैं।

यदा-कदा दो या तीन शब्दीय भी हो सकते हैं। शेष भाग को उनके बाद प्राकृतिक क्रम में वृत्ताकार कोष्ठक में अंकित किया जाता है। उसके पश्चात दूसरे वृत्ताकार कोष्ठक में व्यक्ति का जन्म और मृत व्यक्तियों के संबंध में मृत्यु वर्ष भी अंकित किया जाता है। यथा:

एक शब्दीय प्रविष्टि पद

TAGORE (Rabindra Nath) (1861-1941).

GANDHI (Mohandas Karamchand) (1869-1948).

DEWEY (Melvil) (1851-1931)

दो शब्दीय प्रविष्टि पद

DAS GUPTA (S).

SEN GUPTA (B).

KRISHNA MENON (V.K)

तीन शब्दीय प्रविष्टि पद

DEV RAI MAHASAI (Munindra).

योजकीय (Hyphenated) प्रविष्टि पद

DAY- LEWIS (Cecil).

बिना कुलनाम वाले नाम

JAISHANKAR PRASAD. RAJENDRA PRASAD. SRI PRAKASH.

3. आख्या अनुच्छेद के उपकल्पन के सम्बन्ध में मुख्य बिन्दु

आख्या अनुच्छेद में सर्वप्रथम ग्रन्थ की आख्या अंकित की जाती है। यदि आख्या के आरम्भ में कोई उपपद (Article) अर्थात् A, An और The तथा सम्मान सूचक शब्द (Honorific) जैसे Holy, Srimad आदि हो तो उसको छोड़ दिया जाता है। यदि आख्या बड़ी हो तो उसमें से अनावश्यक अंश मध्य और अन्त में से छोड़ा जा सकता है। यदि मध्य में से छोड़ा जाये जो उसके स्थान पर तीन बिन्दु और यदि अन्त में से छोड़ा जाये तो शब्द etc जोड़ दिया जाता है।

उसी पैराग्राफ में पूर्ण विराम के पश्चात् यदि कोई हो तो, संस्करण के सम्बन्ध में सूचना अंकित की जाती है। प्रथम संस्करण की सूचना अंकित नहीं की जाती। द्वितीय और आगामी संस्करणों की सूचना अग्रानुसार अंकित की जाती है। यदि संस्करण का कोई विशिष्ट नाम हो तो उसको भी अग्रानुसार अंकित किया जाता है:

Ed 2.

New ed.

Authorised Ed

Centenary Ed.

उसी पैराग्राफ में पूर्ण विराम के पश्चात् यदि हो तो सहकारक विवरण (Collaborator statement) अंकित किया जाता है। सर्वप्रथम संक्षेप में सहकारक का काम और तत्पश्चात् उसका विशुद्ध नाम प्राकृतिक क्रम में अंकित किया जाता है।

यथा :

Ed by Ram Nath Sharma.

Tr by S N Agrawal.

Ed by S K Jain ; ill by J K Sharma.

4. ग्रन्थमाला टिप्पणी अनुच्छेद (Series Note Section)

जैसाकि प्रथम इकाई में बताया गया है, टिप्पणियाँ छः प्रकार की होती हैं। यहां हम केवल ग्रन्थमाला टिप्पणी की चर्चा करेंगे। शेष की चर्चा सम्बन्धित प्रकरणों में की जायेगी। सीसीसी ए-ग्रंथमाला और छद्म ग्रथमाला (pseudo-series) को मान्यता देता है। ग्रन्थमाला से तात्पर्य ग्रन्थों के एक संघात (set) के सामूहिक नाम से है।

ग्रन्थमाला टिप्पणी वृत्ताकार कोष्ठक में बन्द करके अंकित की जाती है। यदि ग्रन्थमाला के आरम्भ में कोई उपपद (Articlie) अर्थात् A, Anऔर The हो या कोई सम्मानसूचक शब्द हो तो उसको छोड़ दिया जाता है। ग्रन्थमाला के नाम के पश्चात् पूर्ण विराम लगाकर उसी कोष्टक में यदि कोई हो तो ग्रन्थमाला सम्पादक का विशुद्ध नाम अंकित किया जाता है। नाम से पूर्व शब्द 'Ed by' लिखे जाते हैं। तत्पश्चात् पूर्ण विराम के पश्चात् ग्रन्थमाला में ग्रन्थ की संख्या इण्डो-अरेबिक अंकों में लिखी जाती हैं।

उदाहरण

(Ranganathan aesies in library science.25).

(Agra University publication series. Ed by Ram Nath Shukla.23)

(Vikram University library science series. Ed by Anil kumar Jain and sudhir kumar.24).

(Home University library series. Ed by john smith and others. 6).

इसी प्रकार कभी-कभी किसी ग्रन्थ में एक से अधिक ग्रन्थमाला हो सकती हैं। यदि वे स्वतंत्र हों तो प्रत्येक को पृथक अनुच्छेद के रूप में निम्नानुसार लिखा जाता है :

उदाहरण

(Ranganathan series in library science. 2.)

(Mardras Library Association, publication series.21)

वैकल्पिक नाम (Alternative name) और आश्रित (dependent) ग्रन्धमालाओं को एक ही वृत्ताकार कोसक में उसी अनुच्छेद में अंकित किया जाता है।

उदाहरण

(Kashi Sanskrit series or Haridas Sanskrit granthamala.68).

(Kashi Sanskrit series or Haridas Sanskrit granthamala. 88. kavya section.12).

सीसीसी में तीन प्रकार की छद्म ग्रंथमालाओं (Pseudo-series) को भी मान्यता प्रदान की गई है। प्रथम प्रकार की छद्म ग्रन्थमाला में, "लेखक के नाम को संस्करण के नाम के साथ ग्रंथमाला का नाम माना जाता है।" दूसरे प्रकार की छद्म ग्रन्थमाला में, "लेखक के नाम को सजातीय आख्या (Generic title) के साथ ग्रंथमाला का नाम माना जाता है।' ' तृतीय प्रकार की छद्म ग्रन्थमाला में, "सजातीय आख्या को ग्रन्धामाला का नाम माना जाता है।" (सीसीसी पृ. 143)

यथा:

उदाहरण

(Shaw (George Bernard).New varoium ed. 17)

(Shukala (Ram Nath). Funamentals of economics.5)

(Ramsay (William), Ed Text books of physical chemistry.15)

5. सूचीकृत मुखपृष्ठ (Catalogued Titels)

मुखपृष्ठ 1

(सहकारक ,ग्रंथमाला टिप्पणी और निर्मित करते हुए छद्म कड़ी (pseudo link) के साथ एकल लेखक का ग्रन्थ)

CLASSIFED CATALOGUE CODE WITH ADDITIONAL RULES FOR DICTIONARY CATALOUGE CODE

S R Rangannathan

Assisted by

A Neelameghan

Asia Publishing House

Bombay New Dehli Madras Calcutta London

1964

Other Information

Half title page: Ranganathan series in library science; 2

Back of title page

Call number : 2:55N3 qN64

Accession Nember : 27893

Edition 5, 1964

Shiyali Ramamrita Ranganathan (1892)

Arashanapalai Neelameghan (1927)

मुख्य प्रविष्टि

	2:55N3	qN64
		RANGANATHAN (Shiyali Ramamrita) (1892-1972). Classified catalogue code with additional rules for dictionary catalogue. Ed 5. Assis by Arashanapali Neelameghan. (Ranganathan series in library science.2).
	27893	

पत्रक का पश्च भाग - संकेत (Tracing)

Code, Classified catalogue code. Classified catalogue code. Cataloguing, Library science Tenhnical treatment, Library science. Library Science. Ranganathan (Shiyali Ramamrita) (1892-1972). Neelameghan (Arashnapali) (1927), Assis. Ranganathan series in linrary science.

वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ

श्रृंखला

2:55N3q

2	=	Library Scince (Sougth link)
	↓	
2:	=	(False link)
	↓	
2:5	=	Technical Treatment in Library Science (Sought link)
	↓	

2:55 = Cataloguing in Library Science (Sought link)

↓

2:55N3 = Classified Catalogue Code (Sought link)

↓

2:55N3 q = code ((Sought pseudo link)

वर्ग निर्देशी प्रविष्टि- 1

	CODE, CLASSIFIED CATALOUGE code.	
	For Code of the kind, see the classified part of the catalogue under the call Number beginning with 2:55N3q	

वर्ग निर्देशी प्रविष्टि- 2

	CLASSIFIED CATALOUGE code.	
	For documents in this class and its Subdivisions,see the classified part of the catalogue under the class Number 2:55N3	

वर्ग निगेर्शी प्रविष्टि -3

	CATALOGUGIN, LIBRARY SCIENCE.	
	Class	For documents... Number 2:55

वर्ग निर्देशी प्रविष्टि - 4

	TECHNICAL TREATMENT, LIBRARY SCIENCE.	
	Class	For documents... Number 2:5

वर्ग निर्देशी प्रविष्टि - 5

	LIBRARY SCIENCE.	
		For documents... Class Number 2

टिप्पणियाँ : 1 प्रथम वर्ग निर्देशी प्रविष्टि ग्रन्थांक (Book number) की छद्म कड़ी से निर्मित हुई है जिसको सीसीसी के संशोधित नियमाक KB93, KB94 और KF25 (Cataloguing practice by S R Ranganathan. P474-5) के अनुसार निर्मित किया गया है।

2. द्वितीय वर्ग निर्देशी प्रविष्टि में ही केवल पूर्ण रूप से निर्देशी शब्द अंकित किये गये हैं। शेष में आरम्भ के दो शब्द और अंत के दो शब्द अंकित किये गये हैं। यह प्रणाली अभ्यास के लिये अपनायी गई है। आगे भी ऐसा ही किया जायेगा। वैसे ग्रन्थालय में समस्त वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों में यह शब्द पूर्ण रूप से अंकित किये जाते हैं और उनको मुद्रित करवा लिया जाता है।

ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ (Book Index Entries)

लेखक प्रविष्टि

	RANGANATHAN (Shiyali Ramamrita) (1892-1972).	
		Classified catalogue code. Ed 5. 2:55N3 qN64

टिप्पणी : 1. शीर्षक अनुच्छेद में मुख्य प्रविष्टि के शीर्षक को यथावत अग्र रेखा पर प्रथम शीर्ष से आरम्भ करते हुए अंकित किया गया है। अनुवर्ती पंक्ति को भी प्रथम शीर्ष से आरम्भ किया जाता है।

2. द्वितीय अनुच्छेद में ग्रन्थ की मुख्य आख्या द्वितीय शीर्ष से अंकित की गई है। पूर्ण विराम के पश्चात् संस्करण विवरण अंकित किया गया है। इसकी अनुवर्ती पंक्ति भी प्रथम शीर्ष से आरम्भ होती है।

3. इस पंक्ति में पर्याप्त स्थान न होने के कारण निर्देशांक अर्थात् क्रमांक अंक (Call number) को अनुवर्ती पंक्ति में यथासप्रभव दाहिनी ओर अंकित किया गया है। इसको पेन्सिल से लिखना चाहिये। वर्गाक (Class number) और ग्रन्थांक (Book number) के मध्य दो अक्षरों का स्थान छोड़ा जाता है।

सहकारक प्रविष्टि

	NEELAMEGHAN (Arashanapalai) (1927), Assis,	
		Ranganathan: Classified catalogue code. Ed5. 2:55N3 qN64

टिप्पणी : 1 सहकारक का पूरा विशुद्ध नाम अंकित क्यिा गया है। उसको अग्र रेखा पर प्रथम शीर्ष से आरम्भ किया गया है। अनुवर्ती पंक्ति भी प्रथम शीर्ष से आरम्भ की जाती है। जन्म वर्ष जोड़ने के उपरान्त विवरणात्मक शब्द 'Assis' अंकित किया गया है। जिसको संक्षेप में लिखा गया है और बड़े अक्षर से आरम्भ किया गया है। उससे पूर्व अर्द्धविराम (Comma) लगाया गया है।

2. द्वितीय अनुच्छेद को अनुवर्ती रेखा पर द्वितीय शीर्ष से आरम्भ किया गया है। इसमें सर्व प्रथम मुख्य प्रविष्टि के शीर्षक अनुच्छेद का प्रविष्टि पद अंकित किया गया है। तत्पश्चात्

कोलन लगाकर, ग्रन्थ की मुख्य आख्या तथा संस्करण विवरण अंकित किया गया है। अनुवर्ती पंक्ति प्रथम शीर्ष से आरम्भ की जाती है।

3. निर्देशांक (Index number) को उसी रेखा में जितना यथासम्भव दाहिनी ओर अगली रेखा में अंकित किया गया है। इसको पेन्सिल से लिखना चाहिये।

ग्रन्थमाला प्रविष्टि

	RANGANATHAN SRIES IN LIBRARY SCIENCE.	
	2	Ranganathan: Classified catalogue code. Ed5. 2:55N3 qN64

टिप्पणी : 1 ग्रंथमाला के पूरे नाम को रोमन बड़े अक्षरों में अग्र रेखा पर प्रथम शीर्ष से अंकित किया गया है। अनुवर्ती पंक्ति को भी प्रथम शीर्ष से आरम्भ किया जाता है।

2. द्वितीय अनुच्छेद में प्रथम और द्वितीय शीर्ष के मध्य में ग्रन्थमाला में ग्रन्थ के क्रमांक को अंकित किया गया है। तत्पश्चात् उसी रेखा में द्वितीय शीर्ष से मुख्य प्रविष्टि के शीर्षक का प्रविष्टि पद अंकित किया गया है। तत्पश्चात् कोलन लगाने के पश्चात् ग्रन्थ की मुख्य आख्या और संस्करण विवरण अंकित किया गया है।

3. निर्देशांक को अगली रेखा में यथा सम्भव दाहिनी ओर अंकित किया जाता है। इसको पेन्सिल से लिखना चाहिये।

मुखपृष्ठ -2

(सहकारक के साथ अन्तर्विषयी प्रविष्टि (Cross reference entry) की मांग करते हुए एकल लेखक का ग्रन्थ)

W. C. Berwick Sayers

A MANUAL OF CLASSIFICATION FOR LIBRARIES

Fourth Edition

Completely Revised and partly Rewritten by

Arthur Maltby

London

Andra Deutsch

1967

Other Information

Call number : 2:51 N67

Accession number : 25197

Note: Contains a bibliography on the subject form P. 333-351. It is to be brought into the notce of the readers. Its class number is 2:51a

मुख्य प्रविष्टि

	2:51 N67	
